THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF MINES (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): Government have already taken measures for the exploitation of Coal, Bauxite, Iron ore, Limestone etc. minerals found in the tribal belts of Madhya Pradesh.

Proforma promotions given to the employees of the Ministry of Information and Broadcasting

833,- SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether his Ministry has been giving proforma promotion to those employees in the Upper Division Clerk and Section Officers Grades who have qualified the Departmental Competitive Examination conducted by the Union Public Service Commission/Staff Selection Commission whi'e they are already officiating in the ex-cadre posts;

(to) if so, under which rule such benefit has been given;

(c) what is the number and details of such employees who have been given proforma promotions in such manner since 1980; and

(d) what measures his Ministry have taken or propose to take to rectify the mistakes?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI V. N. GADGIL); (a) to (c) The Miinstry Of Information and Broadcasting have given proforma promotions in terms of the 'next beiow rule' under FR 30 to those 13 employees who qualified the Upper Division Grade Limited Departmental Examination conducted by the Staff Selection Commission as per details given below:—

Year	Number of employees given proforma promotions
1980	..
1981	8
1982	4
1983	1
1984	..
1985	..
1986 (till date)	..

No such benefit has been given to any employee who qualified Section Officer's Limited Departmental Competitive Examination conducted by the Union Public Service Commission as none was eligible to get this benefit during the above mentioned period.

(d) Does not arise.

"भगीरथ" का प्रकाशन

834. श्री कैलाशपति मिश्र : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित "भगीरथ" पत्रिका के उद्देश्य क्या हैं और उसके लिए कब से कौन-कौन से क्या क्या पद मंजूर किए गए हैं ;

(ख) कौन-कौन से पद पहले ही भरे जा चुके हैं और इन पदों पर काम कर रहे व्यक्तियों के नाम, योग्यता तथा अनुभव क्या हैं ;

(ग) कौन-कौन से पद अभी खाली हैं और इसके क्या कारण है ; और

(घ) जन हित में तथा इन पत्रिकाओं के समय पर प्रकाशन को ध्यान में रखते हुए, इन पदों पर कब तक नियुक्तियां किये जाने की संभावना है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानंद): (क) भागीरथ पत्रिकाओं का उद्देश्य सिंचाई विद्युत, बाढ़ नियंत्रण तथा इनसे संबंधित क्षेत्रों में पाठकों को जानकारी देना है। दोनों पत्रिकाओं के लिए पदों की संस्वीकृत संख्या के संबंध में अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण-1 में दी गई है।

(ख) सूचना संलग्न विवरण-2 में दी गई है।

(ग) और (घ) सूचना संलग्न विवरण 3 में दी गयी है।

विवरण-1

भगीरथ (अंग्रेजी)

पद	संस्वीकृत संख्या	पद के सृजन/स्थायीकरण की तारीख
1. सम्पादक	1	21-12-1963
2. वैयक्तिक सहायक	1	30-12-1964
3. व्यावसायिक सहायक	1	121-12-1963
4. कलाकार	1*	1-9-1980
5. सहायक	1	30-12-1964
6. अवर श्रेणी लिपिक	1	16-1-1965
7. चपरासी	1	21-12-1963
8. पैकर	1*	21-12-1963

भगीरथ पत्रिका (हिन्दी)

1. सम्पादक	1	1-9-1980
2. सहायक सम्पाक	1**	17-8-1973
3. उप सम्पादक	1	1-9-1980
4. वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक	1	4-8-1979
5. व्यावसायिक सहायक	1	4-8-1979
6. कलाकार	1*	1-9-1980
7. आशुलिपिक	1	16-6-1981
8. अवर श्रेणी लिपिक	1	16-6-1981
9. चपरासी	1	21-12-1963
10. पैकर	1*	21-12-1963

टिप्पण : *दोनों पत्रिकाओं के लिए साझा।

**सम्पादक का पद भरे जाने की तारीख से सहायक सम्पादक का पद समाप्त कर दिया जाएगा।

विवरण-2

क्रमांक	भरे हुए पद का नाम	संबंधित व्यक्ति का नाम, अर्हता तथा अनुभव
1	सहायक सम्पादक (हिन्दी)	श्री आर० के० भारती, एम० ए० (भूगोल) तथा पत्रकारिता में डिप्लोमा, अनुवाद कार्य तथा भगीरथ पत्रिका के कार्य से संबंधित विषयों का अनुभव प्राप्त है ।
2	कलाकार	श्री बी० एफ० मुरगोड, एस०ए स०सी, ड्राइंग शिक्षक परीक्षा, ड्राइंग तथा पेंटिंग में डिप्लोमा । कलाकार के पद का अनुभव प्राप्त है ।
3	व्यावसायिक सहायक (हिन्दी)	श्री के० ए० जोशी, बी०ए० तथा पूल प्रबन्ध सेवा कोर्स ।
4	व्यावसायिक सहायक (अंग्रेजी)	श्री एस० पी० वेद, बी०एस०सी०, 6 1/2 वर्ष का अनुभव ।
5	वैयक्तिक सहायक (भगीरथ-अंग्रेजी)	श्री बी० के० गुरी, बी० काम०, 24-6-75 से कार्यरत हैं ।
6	वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक (भगीरथ–हिन्दी)	श्री ओम प्रकाश, बी० काम०, 22-5-75 से कार्यरत हैं ।
7	आशुलिपिक ग्रेड "ब" (भगीरथ–हिन्दी)	श्री के० कल्याण, मैट्रिक, 17-3-1936 से कार्यरत हैं ।
8	अवर श्रेणी लिपिक (भगीरथ-हिन्दी तथा भगीरथ-अंग्रेजी के लिए एक-एक)	श्री साबु जेम्स, बी० ए०, 28-5-83 से कार्यरत तथा श्री के विश्वनाथ 11-4-1985 से कार्यरत हैं ।

उपर्युक्त के अलावा भगीरथ (अंग्रेजी) तथा भगीरथ (हिन्दी) के लिए चपरासी का एक-एक पद तथा भगीरथ (अंग्रेजी) और भगीरथ (हिन्दी) के लिए पैकर का एक साझा पद संस्वीकृत हैं । यह पद भरे हुए हैं ।

विवरण-3

क्रमांक	रिक्त पद का नाम	रिक्त पदों को न भरे जाने के कारण	रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्तियां किस समय तक की जाएंगी
1	2	2	4
1	सम्पादक (*भगीरथ-अंग्रेजी*)	संघ लोक सेवा आयोग ने नियुक्ति हेतु एक अभ्यर्थी की सिफारिश की है जिसने पद का कार्य करना अस्वीकार कर दिया है ।	*

1	2	3	4
2	सम्पादक (भगीरथ-हिन्दी)	संघ लोक सेवा आयोग ने सीधी भर्ती द्वारा एक अभ्यर्थी की सिफारिश की है । नियुक्ति-पूर्व औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं ।	*
3	उप-सम्पादक (हिन्दी)	संघ लोक सेवा आयोग ने जिस अभ्यर्थी की सिफारिश की थी उसने नियुक्ति का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया है ।	*
4	सहायक (भगीरथ-अंग्रेजी)	इस समय केन्द्रीय जल आयोग में सहायकों के 6 पद रिक्त पड़े हैं । इन पदों को विद्युत विभाग द्वारा भरा जाना है जो जल संसाधन तथा विद्युत की केन्द्रीय सचिवालय सेवा के लिए संवर्ग प्राधिकरण है । संवर्ग प्राधिकरण द्वारा जैसे ही कोई व्यक्ति उपलब्ध कराया जाएगा, भगीरथ पत्रिकाओं के लिए एक सहायक तैनात कर दिया जाएगा ।	*

*इन पदों को भरने के लिए कार्यवाही आरंभ कर दी गई है । तथापि, यह बता पाना संभव नहीं है कि किस निश्चित समय तक इनको वस्तुतः भर दिया जाएगा ।

भगीरथ पत्रिका का प्रकाशन

835. **श्री कैलाश पति मिश्र :** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "भगीरथ" नामक पत्रिका का प्रकाशन बन्द कर दिया गया है ; यदि हां, तो इस प्रकाशन के उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं ;

(ख) इस पत्रिका के संपादकीय मंडल के लिए कितने पद मंजूर किए गए हैं ; कितने पद खाली रखे गए हैं ; इसके क्या कारण है ;

(ग) इन पत्रिकाओं के प्रकाशन तथा वितरण के लिए और संपादकीय विभाग में स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां करने के लिए कौन अधिकारी उत्तरदायी है तथा उसका पदनाम क्या है और नियुक्तियां करने में विलम्ब के क्या कारण है ; और

(घ) सभी खाली पद कब तक भर लिये जायेंगे और इस पत्रिका के समय पर प्रकाशन तथा इसकी वितरण व्यवस्था में सुधार करने के लिए अभी कितना समय और लगेगा ?

जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानंद): (क) भगीरथ पत्रिकाओं का प्रकाशन बन्द नहीं किया गया है तथा सितम्बर, 1985 तक के त्रैमासिक अंक प्रकाशित हुए हैं ।

(ख) से (घ) केन्द्रीय जल आयोग पत्रिका के प्रकाशन और वितरण तथा उप-संपादक की नियुक्ति के लिए उत्तर-दायी है । मंत्रालय सम्पदकों की नियुक्ति